

बीईएमएल लिमिटेड BEML LIMITED

*(भारत सरकार का उपक्रम)* *(A Govt of India Undertaking)*

CIN: L35202KA1964GOI001530

BEML Soudha, 23/1, 4th Main, Sampangirama Nagar, Bangalore-560 027, INDIA

**प्रवेश साक्षात्कार**

**विनिर्माण स्थानों के लिए पीआर / सीसी कार्यपालकों की भर्ती**

**(विज्ञापन संख्या KP/S/17/2024 दिनांक 25.09.2024)**

रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत की अग्रणी बहु-प्रौद्योगिकी कंपनी बीईएमएल लिमिटेड ने पिछले छह दशकों में अपने अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं के माध्यम से मुख्य रूप से रक्षा और वांतरिक्ष, रेल और मेट्रो, बिजली, खनन और निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों के उत्पादन के अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक अग्रणी भूमिका निभाई है। देश की आशाजनक परियोजनाओं जैसे - वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, मेट्रो रेल कोच, हाई मोबिलिटी और आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, रक्षा के लिए विशेष अनुप्रयोग इंजन, एआई-आधारित उच्च-स्तरीय खनन उपकरण को आगे बढ़ाने के लिए बीईएमएल लिमिटेड उन कैरियर-उन्मुख पेशेवरों की रुचि का स्वागत करता है जो हमारे साथ एक शानदार भविष्य हासिल करना चाहते हैं और कल के लिए "नई सीमाएँ, नए सपने" तलाशना चाहते हैं।

**पदों का विवरण:**

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | योग्यता | योग्यता के बाद का अनुभव (पीक्यूई) | पीक्यूई के न्यूनतम वर्ष | ऊपरी आयु सीमा (वर्ष) | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **अधिकारी जनसंपर्क / सीसी**<br><br>**(ग्रेड -**II) | 2 | किसी भी विषय में स्नातक के साथ जनसंपर्क / पत्रकारिता / जनसंचार विज्ञापन में स्नातकोत्तर / पीजी डिप्लोमा।<br>नोट:<br>स्नातक और स्नातकोत्तर का स्कोर प्रथम श्रेणी में होना चाहिए, जिसे समग्र औसत के रूप में 60% माना जाएगा। (एससी/एसटी/दिव्यांगों के लिए 5% की छूट)<br>स्थानीय भाषा में प्रवीणता होनी चाहिए | अभ्यर्थी के पास किसी **सरकारी प्रतिष्ठान, प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट से पीआर एवं सीसी कार्यों में** योग्यता उपरांत अनुभव होना चाहिए।<br><br>उसके पास हितधारक संबंधों और संचार को संभालने का व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, प्रिंट, ग्राफिक डिजाइनिंग, सोशल और ऑडियो, विजुअल मीडिया और ब्रांडिंग प्रबंधन सहित सभी प्रकार के मीडिया को संभालने का अनुभव होना एक अतिरिक्त लाभ होगा। | 2 | 27 | कर्मचारी सहभागिता गतिविधियों, आंतरिक कार्यक्रमों, औपचारिक कार्यक्रमों और औद्योगिक प्रदर्शनियों जैसे आयोजनों की योजना बनाना, उनका प्रबंधन करना और उनमें भाग लेना। विक्रेता संबंधों की देखरेख करना और जनसंपर्क गतिविधियों से संबंधित अनुबंधों का प्रबंधन करना।<br>वीआईपी और प्रतिष्ठित अधिकारियों के दौरे के लिए प्रोटोकॉल व्यवस्था की देखरेख करना। स्थानीय सरकारी निकायों, उद्योगों, औद्योगिक संघों और अन्य प्रासंगिक संस्थाओं के साथ प्रभावी संचार स्थापित करना और |



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (केजीएफ के लिए कन्नड़ और पालक्काड़ के लिए मलयालम, साथ ही अंग्रेजी और हिंदी) | (फ्री लांसिंग से प्राप्त अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा) | | | उसे बनाए रखना।<br><br>उत्पादों, व्यावसायिक गतिविधियों, मानव संसाधन पहलों और सीएसआर गतिविधियों पर प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर काम करना। व्यवसायिक प्रमुखों और विभाग के प्रमुखों को व्यापक जनसंपर्क सहायता प्रदान करना।<br><br>विभिन्न आयोजनों और गतिविधियों के लिए फोटोशूट और वीडियोग्राफी की गुणवत्ता को प्रबंधित करने के प्रयासों का नेतृत्व करना। फोटो और वीडियो सहित जानकारी का विस्तृत संग्रह बनाए रखना। फोटोग्राफी, संपादन, डिजिटल और सोशल मीडिया कौशल को प्राथमिकता दी जाएगी। कॉर्पोरेट टीम के साथ मिलकर काम करना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जनता और कर्मचारियों तक एक सुसंगत ब्रांड संदेश पहुँचाया जा सके। संचालन के क्षेत्र में बीईएमएल ब्रांड की प्रतिष्ठा को प्रबंधित और बनाए रखना।<br><br>**तैनाती का स्थान:**<br><br>कोलार गोल्ड फील्ड्स और पालक्काड़, केरल |



बी ई एम एल

**<u>प्रवेश साक्षात्कार की तिथि</u>**

| साक्षात्कार की तिथि | पद | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| **4 अक्तूबर, 2024 (शुक्रवार)** | **अधिकारी (ग्रेड-II) जनसंपर्क एवं कॉर्पोरेट संचार** | रिपोर्टिंग समय: 9:00 am | बीईएमएल सौधा 23/1, 4था मेन, एसआरनगर, बेंगलूर-560027 |
| **5 अक्तूबर, 2024 (शनिवार)** | | | बीईएमएल पालक्काड़ कॉम्प्लेक्स किनफ्रा पार्क, कांजीकोड पूर्व, पालक्काड़ -678621 |

विज्ञापन में निर्धारित अपेक्षित मानदंड (आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत न करने सहित) को पूरा न करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी तथा ऐसे अभ्यर्थियों के लिए यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। किसी अभ्यर्थी को प्रवेश साक्षात्कार के दोनों दिन भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**वेतनमान एवं पारिश्रमिक:**

| ग्रेड | पद | बीईएमएल वेतनमान |
|---|---|---|
| ग्रेड – II | अधिकारी | रु.40,000 – 1,40,000 |

मूल वेतन के अलावा, उम्मीदवार औद्योगिक महंगाई भत्ता, कैफेटेरिया सिस्टम के तहत लागू मूल वेतन के 13.78% की दर से अनुलाभ और भत्ते, कंपनी आवास / मकान किराया भत्ता, भविष्य निधि, उपदान आदि के लिए पात्र होंगे, जो मौजूदा कंपनी नियमों के अनुसार होगा। कार्यपालक प्रदर्शन संबंधी वेतन (पीआरपी) के लिए भी पात्र होंगे।

**<u>सामान्य शर्तें</u>**

i. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।

**ii.** आयु, योग्यता और उपरोक्त निर्धारित अनुभव **प्रवेश साक्षात्कार की तिथि** के अनुसार होना चाहिए।

iii. भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी, अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष। दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में अतिरिक्त 10 वर्ष की छूट दी जाएगी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी-एनसीएल से संबंधित उम्मीदवारों के लिए स्वीकार्य छूट से अलग होगी। न्यूनतम 40% विकलांगता वाले उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

iv. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को <u>भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक</u> है।

v. अ.पि.व. के उम्मीदवारों** को <u>अन्य पिछडा वर्ग प्रमाण पत्र ('नॉन- क्रीमी लेयर'*)</u> प्रस्तुत करने करने की आवश्यकता है। (<u>प्रमाण पत्र भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप के अनुसार होना चाहिए</u>) अ.पि.व. के उम्मीदवारों को आवेदन प्रारूप के साथ अ.पि.व. ('नॉन- क्रीमी लेयर) में होने के आशय पर आत्मवचन देकर उसमें हस्ताक्षरित करना होगा।

[**टिप्पणी:**



क) ****अ.पि.व.उम्मीदवार:** कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन सं.36012/22/93-स्था.(एससीटी) में निहित आदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन के लिए भारत सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के रूप में पहचाने गए समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों को प्रस्तुत करना है।

ख) ***नॉन-क्रीमी लेयर:** कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13.09.2017 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/1/2013-स्था.(आरईएस) के अनुरूप में लगातार पिछले तीन वर्षों में उम्मीदवार के माता-पिता की सकल वार्षिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।]

vi. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप में पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

vii. ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए लागू प्रारूप में आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

viii. सरकारी / अर्ध सरकारी / सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए अन्यथा जब कभी परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए उस समय अनिवार्यतः अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ix. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थियों को तत्काल निचले वेतनमान में कम से कम एक (1) वर्ष तक कार्य करना चाहिए।

x. निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनी में नियमित क्षमता में कार्यरत होना चाहिए।

xi. निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को वर्तमान पद की रिपोर्टिंग संरचना स्पष्ट रूप से उपलब्ध करानी होगी तथा साक्षात्कार के समय उन्हें कंपनी के लेटर हेड पर अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

xii. उम्मीदवारों को निर्दिष्ट तिथियों पर विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को और आवेदन में दिए गए विवरण सही होना सुनिश्चित करना चाहिए। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण किसी उम्मीदवार अपने पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने या उनके द्वारा झूठी सूचना देने या किसी तथ्य/विषय को छुपने का पता लग जाये, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी। यहां तक कि नियुक्ति के बाद किसी समय ऐसी कमी/ कमियाँ पता लगाई गई, तो उनकी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जाएगी।

xiii. उम्मीदवारों द्वारा विज्ञापन में निहित शर्तों को मात्र पूरा करने पर नियुक्ति के लिए शामिल कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

xiv. प्रबंधन को उम्मीदवारों की संख्या को प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है। प्राप्त आवेदनों के अनुसार योग्यता % को बड़ाया जाएगा।

xv. प्रबंधन अपने विवेकानुसार विज्ञापन और/या चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार भी रखता है।

xvi. प्रबंधन अपने विवेक के अनुसार व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को बढाने / कम करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xvii. प्रबंधन को आवश्यकतानुसार पद को अनुबंध में परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।

xviii. प्रबंधन योग्य उम्मीदवारों को उच्चतर पदस्थापना प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xix. केवल वे अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं जो यहां उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों जैसे योग्यता, अनुभव, आयु, जाति/पीडब्ल्यूडी (जैसा लागू हो) को पूरा करते हों।

xx. मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को शामिल होने से पहले रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा से शामिल होना पडेगा। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के चिकित्सा मानक को पूरा करने और कंपनी के चिकित्सा अधिकारी से संतोषजनक चिकित्सा रिपोर्ट प्राप्त करने के अधीन है।

xxi. अनंतिम प्रस्ताव/अंतिम प्रस्ताव आदि की सूचना केवल आवेदन में घोषित ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी। अंतिम चयन के लिए चुने गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

xxii. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए बाहरी स्टेशन के उम्मीदवारों (मूल्यांकन में भाग लेने के लिए पात्र और अनुमति प्राप्त) को बेंगलूर/पालक्काड़ के निकटतम रेलवे स्टेशन से एसी-III टियर ट्रेन का किराया प्रतिपूर्ति किया जाएगा। स्थानीय वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।



xxiii. अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, आपको मूल्यांकन पूरा करने के लिए एक दिन और रुकना पड़ सकता है (अपने साधन से)।

## <u>कैसे आवेदन करें</u>

i. इच्छुक उम्मीदवार इस भर्ती विज्ञापन के तहत होस्ट किए गए “आवेदन पत्र” को डाउनलोड कर सकते हैं और विस्तृत बायोडाटा/सीवी (पीपीटी के साथ) की एक प्रति recruitment@bemlltd.in पर 02.10.2024 तक या उससे पहले भेजकर वॉक-इन में भाग लेने में अपनी रुचि ई-मेल कर सकते हैं।

ii. साक्षात्कार की तिथि पर निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां मूल प्रतियों (जहां लागू हो) के साथ <u>द्विभाषी आवेदन पत्र</u> के साथ लाना आवश्यक है:

- क. पहचान (भारत सरकार द्वारा जारी कोई भी पहचान पत्र (उदाहरण के लिए आधार, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आदि))
- ख. आयु (दसवीं/एसएसएलसी अंक)
- ग. योग्यता डिग्री (जैसा लागू हो) अंकसूची के साथ
- घ. सीजीपीए रूपांतरण प्रमाणपत्र/सूत्र (जैसा लागू हो)
- ङ. स्नातकोत्तर अंकसूची, जैसा लागू हो
- च. स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र, जैसा लागू हो।
- छ. **प्रत्येक रोजगार के नियुक्ति पत्र के साथ अनुभव दस्तावेज (जिसमें प्रत्येक संगठन में प्रारंभ और समाप्ति तिथि स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हो)।** [अनुभव वाले उम्मीदवारों के लिए]
- ज. विस्तृत बायोडाटा.
- झ. आपकी उपलब्धियों और भविष्य के दृष्टिकोण पर अधिकतम 2-3 स्लाइडों की प्रस्तुति। (प्रस्तुति की 2 प्रतियां वॉक-इन के लिए साथ ले जानी होंगी)

iii. प्रश्न recruitment@bemlltd.in पर भेजे जा सकते हैं।

<u>केवल यहां उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों जैसे योग्यता, आयु, जाति (जैसा लागू हो) को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही वॉक-इन के लिए उपस्थित होना होगा।</u>

तारीख **: 25.09.2024** **(विज्ञापन सं.KP/S/16/2024)**

**<u>शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो केवल बीईएमएल वेबसाइट में आयोजित किया जाएगा।</u>**

-o0o-